# उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वाररोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :*ukmssbdun@gmail.com*; Website : ***www.ukmssb.org***, Phone: **0135 2665366**


विज्ञप्ति संख्याः 36/2026 दिनांकः 29 जुलाई, 2026

## –: डेन्टल हाईजिनिस्ट परीक्षा– 2025:–

### चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत डेन्टल हाईजिनिस्ट के रिक्त 30 पदों (बैकलॉग सहित) पर अंतिम परीक्षा परिणाम सम्बन्धी सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्या–उ0चि0से0च0बो0/परी0/04/2025–26/802, दिनांकः 19 नवम्बर, 2025 के माध्यम से चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड में समूह 'ग' के अंतर्गत डेण्टल हाईजिनिस्ट के रिक्त 30 पदों (बैकलॉग सहित) पर सीधी भर्ती द्वारा चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, जिसके क्रम में डेण्टल हाईजिनिस्ट के रिक्त 30 पदों (बैकलॉग सहित) पर सीधी भर्ती हेतु दिनांक 29 मार्च, 2026 (रविवार) समय प्रातः 10.00 से अपरान्ह् 12.00 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी।

डेण्टल हाईजिनिस्ट परीक्षा– 2025 हेतु प्रकाशित विज्ञापन एवं सेवा नियमावली के मानकों के आधार पर डेण्टल हाईजिनिस्ट की लिखित परीक्षा में श्रेष्ठता क्रम में आये अभ्यर्थियों के अंकों तथा अभिलेख सत्यापन के आधार पर अंतिम श्रेष्ठता सूची (मैरिट लिस्ट) तैयार की गई। अंतिम श्रेष्ठता सूची में उर्ध्व एवं क्षैतिज आरक्षणों को लागू करते हुए डेण्टल हाईजिनिस्ट के रिक्त 30 पदों (बैकलॉग सहित) के सापेक्ष अन्तिम परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट के माध्यम से प्रसारित कर दिया गया है।

ह0/–
(प्रदीप जोशी),
सचिव